राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल से राजस्थान यात्रा पर आए पूर्वोत्तर के विद्यार्थी प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की

जयपुर, 16 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से गुरुवार को राजभवन में नगालैण्ड, मणिपुर, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और असम के छात्र–छात्राओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। अंतरराज्यीय छात्र जीवन दर्शन के तहत 40 सदस्यीय यह प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक एकात्मता की भावना को प्रत्यक्ष अनुभूत करने के उद्देश्य से  राजस्थान यहां की यात्रा पर आया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने पूर्वोत्तर के विद्यार्थियों की इस यात्रा को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भारत विविधता में एकता का देश है। बोल–चाल, रहन–सहन, खान–पान अलग–अलग होने के बाद भी भावनात्मक रूप से हम एक हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति पूरे देश को एक सूत्र में जोड़ती है। उन्होंने विद्यार्थियों से पूर्वोत्तर के राज्यों की समृद्ध प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के बारे में चर्चा की और राजस्थान की संस्कृति, परम्पराओं और लोक जीवन से जुड़े अनुभव भी साझा किए।

इससे पहले प्रतिनिधिमंडल को लेकर आए श्री मनीष जांगिड़, श्री अंकित मंगल और श्री शौर्य जैमन ने राज्यपाल को राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

——

## राज्यपाल के परिसहाय के रूप में श्री सुमित मेहरड़ा ने पदभार ग्रहण किया

जयपुर, 16 फरवरी। राज्यपाल श्रीकलराज मिश्र के परिसहाय के रूप में भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी श्री सुमित मेहरड़ा ने पदभार ग्रहण किया है। श्री मेहरड़ा ने निवर्तमान परिसहाय श्री राजर्षि वर्मा के स्थान पर पदभार ग्रहण किया है।

इससे पहले, भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी श्री राजर्षि वर्मा को गुरुवार को राजभवन में भावभीनी विदाई दी गई। राजभवन में आयोजित अनौपचारिक समारोह में राज्यपाल श्री मिश्र ने श्री वर्मा की सेवाओं की सराहना करते हुए उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

—